Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding issues concerning International airport at Kushinagar in Uttar Pradesh.

श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आज जो मुद्दा रखने जा रहा हूं, वह प्रथम बार है । मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने सदन के प्रथम सत्र में दर्जनों बार मुझे बोलने का अवसर दिया है ।

अध्यक्ष जी, नेपाल सीमा पर लगे कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र में भगवान बुद्ध की धरती की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं ।

इस क्षेत्र को देश और विदेश के मानचित्र पर नामांकित करने के उद्देश्य से और इस पर्यटक स्थल को देश और विदेश तक पहुंचाने के उद्देश्य से माननीय प्रधान मंत्री जी ने आज से पांच वर्ष पहले यहां अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण शुरू कराया था । मैं आज उस अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय हवाई अड्डे की निर्माण प्रगति पर आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहना चाहता हूं कि इस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का रन-वे, बाउंड्री वॉल, एपरन, टर्निंग पैड, रन-वे शोल्डर, आइसोलेशन, बाउंड्री वॉल कम्प्लीटिड, एटीसी टावर, और फायर स्टेशन के बारे में कहा गया था कि इनको अप्रैल, 2019 तक पूरा कर दिया जाएगा । It was said that the work of runway lighting would be completed by April, 2019. आज, इस वर्ष, 80 प्रतिशत ही कार्य पूर्ण है । शेष कार्य आगे न बढ़ने से आज मेरे लोक सभा क्षेत्र में विपक्षी दल के नेताओं को आंदोलन और धरना करने का अवसर मिल रहा है ।

अत: मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के माननीय उड्डयन मंत्री जी का इस ओर ध्यान आकृष्ट कर के निवेदन करना चाहता हूं कि वे इस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का शेष 20 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर के कुशीनगर लोक सभा का नाम पूरी दुनिया में स्थापित करने का कार्य करें और हजारों परिवारों को रोज़गार उपलब्ध कराने का कार्य करें ।

अध्यक्ष महोदय, इसी के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. संजय जायसवाल को श्री विजय कुमार दूबे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।